pib.nic.in

पत्र सूचना कार्यालय
भारत सरकार
*****

केन्द्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने कोरोना टीकाकरण अभियान की शुरूआत पर सभी वैज्ञानिकों को बधाई दी।

श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में कोरोना के विरुद्ध लड़ाई में भारत ने एक अहम पड़ाव पार किया है

विश्व का सबसे बड़ा टीकाकरण अभियान भारत के वैज्ञानिकों की अपार क्षमता और हमारे नेतृत्व की शक्ति को दर्शाता है, देश आज एक ऐतिहासिक क्षण का साक्षी बनने जा रहा है

मोदी जी के नेतृत्व वाला यह 'नया भारत' आपदाओं को अवसर में और चुनौतियों को उपलब्धियों में बदलने वाला भारत है, यह 'मेड इन इंडिया' वैक्सीन इसी आत्मनिर्भर भारत के संकल्प की परिचायक है

भारत उन चुनिंदा देशों में से एक है जिसने मानवता के विरुद्ध आए सबसे बड़े संकट को समाप्त करने की दिशा में विजय पायी है

इस अभूतपूर्व उपलब्धि से हर भारतीय गौरवान्वित है और यह विश्वपटल पर एक नये आत्मनिर्भर भारत का उदय है

इस ऐतिहासिक दिन पर मैं हमारे सभी कोरोना योद्धाओं को कोटि-कोटि नमन करता हूँ

नई दिल्ली, **16 जनवरी, 2021**

केन्द्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने कोरोना टीकाकरण अभियान की शुरूआत पर सभी वैज्ञानिकों को बधाई देते हुए कहा कि देश आज एक ऐतिहासिक क्षण का साक्षी बनने जा रहा है। श्री शाह ने कहा कि श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में कोरोना के विरुद्ध लड़ाई में भारत ने एक अहम पड़ाव पार किया है और विश्व का सबसे बड़ा टीकाकरण अभियान भारत के वैज्ञानिकों की अपार क्षमता और हमारे नेतृत्व की शक्ति को दर्शाता है।

श्री अमित शाह ने कहा कि भारत उन चुनिंदा देशों में से एक है जिसने मानवता के विरुद्ध आए सबसे बड़े संकट को समाप्त करने की दिशा में विजय पायी है। श्री शाह का कहना था कि इस अभूतपूर्व उपलब्धि से हर भारतीय गौरवान्वित है और यह विश्वपटल पर एक नये आत्मनिर्भर भारत का उदय है।

केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि मोदी जी के नेतृत्व वाला यह 'नया भारत' आपदाओं को अवसर में और चुनौतियों को उपलब्धियों में बदलने वाला भारत है। श्री अमित शाह ने इस ऐतिहासिक दिन पर सभी कोरोना योद्धाओं को कोटि-कोटि नमन करते हुए यह भी कहा कि यह 'मेड इन इंडिया' वैक्सीन आत्मनिर्भर भारत के संकल्प की परिचायक है।

https://twitter.com/AmitShah/status/1350327718773022725?s=20
https://twitter.com/AmitShah/status/1350327948855832576?s=20
https://twitter.com/AmitShah/status/1350328092556857345?s=20

एनडब्ल्यू/पीके/एडी/डीडीडी

****